शिक्षा गरीबी हटाने का सबसे बड़ा हथियार है : राज्यपाल बागड़े

राजस्थान विद्यापीठ की मेजबानी में स्वदेशी, आर्थिक एवं तकनीकी राष्ट्रवाद विषय पर दो दिवसीय वेस्ट जोन वाइस चांसलर्स सम्मेलन शुरू हुआ। सम्मेलन में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शिरकत की।

उदयपुर, (कासं)। विद्यार्थियों में बौद्धिक क्षमता के साथ कौशल और शारीरिक विकास का समन्वय कर ऐसी सशक्त पीढ़ी तैयार की जा सकती है, जो राष्ट्र को प्रगति के शिखर तक ले जाए। शिक्षकों को पुरातन भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय का आव्हान करते हुए कहा कि यही समग्र शिक्षा का आधार है। उक्त विचार मंगलवार को राजस्थान विद्यापीठ एवं एसोसिएशन ऑफ इंडियन युनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में 'स्वदेशी, आर्थिक देश भक्ति और तकनीकी राष्ट्रवाद के माध्यम से आत्म निर्भर भारत' विषय पर आयोजित दो दिवसीय वेस्ट जोन वाइस चांसलर सम्मेलन में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।

राज्यपाल ने औपनिवेशिक शिक्षा प्रणाली के प्रभाव को शिक्षित बेरोजगारी का प्रमुख कारण बताते हुए कहा कि शिक्षा को जीवनोपयोगी और राष्ट्रोन्मुख बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने गरीबी उन्मूलन में शिक्षा की निर्णायक भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा गरीबी हटाने का सबसे बड़ा हथियार है। जिसमें शिक्षकों की बड़ी भूमिका है। बागड़े ने कहा कि हमारा देश विश्व गुरू था और रहेगा। षिक्षा के माध्यम से ही देष की गरीबी को दूर किया जा सकता है। राज्यपाल बागडे के विद्यापीठ परिसर पहुंचने पर एनसीसी केडेट्स ने बार्ड ऑफ ऑनर दिया।

इधर , महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री प्रो. मंजू बाघमार ने कहा कि राष्ट्र की वास्तविक शक्ति अनुसंधान, नवाचार और सजग नागरिक निर्णयों में निहित है। उन्होंने स्वदेशी, आर्थिक राष्ट्र वाद और तकनीकी राष्ट वाद को भारत की प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि इन विचारों के प्रभावी क्रियान्वयन से देश वैश्विक मंच पर सशक्त उपस्थिति दर्ज करा सकता है।

कुलपति प्रो. एस एस सारंगदेवोत ने सहकारिता आधारित मॉडल को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि शिक्षा संस्थानों को समाज के साथ गहरे जुड़ाव के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने के केंद्र न बनकर सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनें। प्रो. सारंगदेवोत ने विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और स्वावलंबन की भावना विकसित करने पर बल देते हुए कहा कि सहकारिता, कौशल और नवाचार का समन्वय ही सशक्त भारत की नींव रखेगा। कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने संस्थान के विकास यात्रा को बताते हुए कहा कि वंचित वर्ग तक षिक्षा की अलख जगाने के उद्देष्य से 1937 में पांच कार्यकर्ता एवं तीन रूपये के बजट से स्थापित संस्थान का आज 87करोड़ का वार्षिक बजट है। 100 से अधिक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है जिसमें 11 हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत् है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष ने प्रो. विनय पाठक ने कहा कि भारतीय ज्ञान-विज्ञान परंपराओं की उपेक्षा के कारण ही आज स्वदेशी शिक्षा प्रणाली को पुनरस्थापित करने की आवश्यकता महसूस हो रही है। उन्होंने स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन, नवाचार आधारित शिक्षा और उत्पाद निर्माण को उच्च शिक्षा का अभिन्न अंग बनाने पर बल दिया।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति के सदस्य प्रो. गौरव वल्लभ ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में आत्मनिर्भरता अनिवार्य हो गई है। उन्होंने स्वदेशी उत्पादन, निर्यात संवर्धन और अनुसंधान आधारित शिक्षा को आर्थिक एवं तकनीकी राष्ट्रवाद का मूल आधार बताया। भारतीय विश्वविद्यालय संघ की महासचिव डॉ. पंकज मित्तल ने एआईयू की कार्यप्रणाली, विश्वविद्यालयों के अंतरराष्ट्रीयकरण और भारतीय विद्यार्थियों के वैश्विक प्रवाह पर प्रकाश डालते हुए स्वदेशी शिक्षा केअतिथियों द्वारा एआईयू की पत्रिका यूनिवर्सिटी न्यूज का विशेष अंक का विमोचन किया गया।

■ महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री प्रो. मंजू बाघमार ने कहा कि राष्ट्र की वास्तविक शक्ति अनुसंधान, नवाचार और सजग नागरिक निर्णयों में निहित है

रिवर्स सोल्डर रिप्लेसमेंट की सफल सर्जरी

उदयपुर, (कासं)। पैसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ साइंसेज (पिम्स) के ऑर्थोपेडिक विभाग ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। चेयरमैन आशीष अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल में 68 वर्षीय मरीज पर सफलतापूर्वक रिवर्स सोल्डर रिप्लेसमेंट सर्जरी की गई, जिससे मरीज को लंबे समय से चल रहे कंधे के दर्द और हाथ की सीमित मूवमेंट से राहत मिली है। मरीज काफी समय से कंधे में तेज दर्द और हाथ उठाने की समस्या से जूझ रहा था। जांच के दौरान पाया गया कि उनके कंधे का रोटेटर कफ गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो चुका था, जिसके कारण उन्हें सामान्य गतिविधियों में भी परेशानी हो रही थी। यह जटिल और उन्नत सर्जरी ऑर्थोपेडिक एवं स्पोर्ट्स इंजरी सर्जन डॉ. शशांक रांका ने अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ सफलतापूर्वक की। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति स्थिर है और कंधे की कार्यक्षमता में लगातार सुधार देखा जा रहा है।

डॉ. शशांक रांका ने बताया कि रिवर्स सोल्डर रिप्लेसमेंट एक उन्नत सर्जरी है, जो उन मरीजों के लिए की जाती है जिनमें रोटेटर कफ गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो चुका होता है और सामान्य उपचार से लाभ नहीं मिल पाता। इस सर्जरी के माध्यम से मरीज को दर्द से राहत मिलती है और कंधे की मूवमेंट में भी सुधार होता है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यह सफलता पैसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ साइंसेज (पिम्स) के ऑर्थोपेडिक विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

एक दिवसीय शिविर का आयोजन

बांसवाड़ा, (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में तृतीय एक दिवसीय शिविर सड़क सुरक्षा विषयक थीम के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेविकाओं के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विचार-विमर्श, जागरूकता संदेश, पोस्टर एवं नारे आदि के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की आवश्यकता पर बल दिया गया। साथ ही राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत, इतिहास, लोक परंपराओं तथा राज्य की विशिष्ट पहचान से संबंधित जानकारी भी प्रस्तुत की गई। प्राचार्य डॉ. सर्वजीत दूबे ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं है।

Name Change

I, Prem Singh Rajput, R/o VPO - Khatamala, Distt - Rajsamand (Raj.), have changed my son's name from Harshvardhan Singh to Harshvardhan Singh Rajput for all future purposes.

Name Change

I, Prem Singh Rajput, R/o VPO - Khatamala, Distt - Rajsamand (Raj.), have changed my son's name from Jaydeep Singh to Jaydeep Singh Rajput for all future purposes.

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द

सं.10178 दिनांक: 16.03.26

लोक सूचना

श्री लेहरीलाल पिता श्री घासी भील निवासी केरोट तहसील व जिला राजसमन्द इसकार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्-

क्र. सं.	तहसील का नाम जिले सहित	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1.	राजसमन्द	एमड़ी	1870/43	रकबा 0.0374 हैक्टेयर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..... को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त , नगरपरिषद, राजसमन्द

वॉश नष्ट, शराब जब्त

आबकारी निरोधक दल ने अवैध शराब जब्त की।

उदयपुर, (कासं)। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते कै निर्देशानुसार प्रदेश में अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए 16 से 31 मार्च तक चलाए गए विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी निरोधक दलों द्वारा गश्त, नाकाबंदी एवं दबिश की कार्रवाई करते हुए हजारों लीटर वॉश, भट्टियां नष्ट करते हुए अवैध मदिरा को जब्त किया।

आबकारी आयुक्त नकाते के निर्देशानुसार अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन अनिल कुमार शर्मा के सुपरविजन में प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। करौली जिले में हिण्डौन सिटी के तहत तिघरिया में पड़त दुकान में अवैध रूप से देशी व अंठोजी शराब की बिक्री करने पर संचालक बिपेन्द्र एवं अन्नु के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर अठिाम कार्रवाई की जा रही है। चुरू में आबकारी दल की निरोधक कार्रवाई के तहत 5 अभियोग दर्ज करते हुए एक मोटरसाईकिल से 75 पव्वे देशी मदिरा एवं 20 लीटर देशी हथकड़ शराब बरामद गई। बांसवाड़ा जिले में बांसवाड़ा व कुशलगढ़ क्षेत्र गश्त व दबिश की कार्रवाई करते हुए 2400 लीटर वॉश नष्ट किया और 7 अभियोग दर्ज किए गए।

ैइसी क्रम में जयपुर में सोमवार रात्रि नाकाबंदी के तहत होंडा सिटी कार से 46 बीयर के केन फोर सेल इन हरियाणा बरामद करते हुए मौके से अभियुक्त चालक को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार प्रदेश में अन्य जिलों में भी आबकारी निरोधक दलों द्वारा नाकाबंदी, गश्त एवं दबिश की कार्रवाई कर अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर कार्रवाई की जा रही है।

टीकाकरण व रेबीज रोकथाम पर दिए व्याख्यान

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर स्थित गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभिषेक कुमार ने हाल ही में बराला नर्सिंग कॉलेज तथा बराला हेल्थकेयर एंड रिसर्च सेंटर, चौमू में दो महत्वपूर्ण निरंतर चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) सत्रों को संबोधित किया।इन सत्रों के विषय:टीकाकरण तथा रेबीज: बचाव ही सबसे सस्ता और प्रभावी उपाय रहे। सत्रों का उद्देश्य नर्सिंग विद्यार्थियों और स्वास्थ्य कर्मियों को निवारक चिकित्सा के महत्वपूर्ण पहलुओं के प्रति जागरूक करना था। पहले सत्र में डॉ. कुमार ने नर्सिंग विद्यार्थियों को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, विभिन्न प्रकार के टीकों, कोल्ड चेन (शीत श्रृंखला) प्रबंधन तथा टीकाकरण के क्षेत्र में हाल के नवाचारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रमों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति भी जागरूक किया।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के उदयपुर क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन

उदयपुर, (कासं)। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा राजस्थान की लगभग 172 शाखाओं तथा जयपुर, कोटा, जोधपुर और उदयपुर क्षेत्रों के संचालन एवं बेहतर समन्वय को ध्यान में रखते हुए उदयपुर में नए क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कल्याण कुमार के कर-कमलों द्वारा किया गया।

उद्घाटन समारोह में दिल्ली अंचल के अंचल प्रमुख शीशराम तुंदवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मेहेर कुमार पाणिग्रही (अंचल प्रमुख, जयपुर), विभूति भूषण झा (क्षेत्रीय प्रमुख, जोधपुर) तथा नितिन शर्मा (क्षेत्रीय प्रमुख, उदयपुर) सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्य एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। दिल्ली अंचल के अंचल प्रमुख शीशराम तुंदवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नया क्षेत्रीय कार्यालय बैंक की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाएगा तथा राज्य के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उदयपुर क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रमुख नितिन शर्मा ने बेहतर ग्राहक सेवा के माध्यम से व्यवसाय को बढाने तथा बैंक को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का विश्वास व्यक्त किया। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने उदयपुर में नए क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना की सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया भविष्य में भी अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों का विश्वास बनाए रखेगा।

उदयपुर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के उदयपुर क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन हुआ।

कार्यालय नगर पालिका कपासन जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक:- न.पा.क./भूमि/2025-26/5507 दिनांक:- 17.03.26

(प्रारूप 10)

-: लोक सूचना :-

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि के निम्न खातेदारों/स्वामियों द्वारा गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु भूमि के अपने अभिधृत अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात

क्र. सं.	नाम आवेदन/खातेदार	जिले व तहसील का नाम	राजस्व ग्राम का	खसरा नं.	क्षेत्रफल एवं प्रयोजन
1.	श्री ललित कुमार पिता श्री देवीलाल टांक व श्री अनिल कुमार पिता श्री गोवर्धन लाल कुमावत	तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ	कपासन	7797/6877, 7801/6999 कुल किता 02 कुल रकबा 0.1080 हेक्टेयर	11620.8 वर्गफीट यानि 1080 वर्गमीटर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..... को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका, कपासन

हादसे में वृद्ध की मौत

उदयपुर,(कासं)। बाईक से निचे गिरने पर घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार ऋषभदेव थाना क्षैत्र में सोमवार रात में रास्तापाल नया गांव सिघटवाड़ा धम्बोला डूंगरपुर निवासी गौरव कटारा बाइक पर अपने पिता मनोज (59) पुत्र लक्ष्मण कटारा को लेकर गांव से रिश्तेदारी में पिपली ऋषभदवे जा रहा था। जहां बीच रास्ते में बालाजी होटल के समीप पुलिया पर मनोज बाइक से निचे गिर पड़ा। जिसे उपचार के लिए ऋषभदेव पहुंचाया। जहां से रेफर करने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई हंसराज ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों ने किया मंथन

उदयपुर, (कासं)। मानवता के कल्याण के लिए युवाओं को समावेशी, सहभागी और साक्ष्य-आधारित शोध करने चाहिए। उन्हें अपनी ऊर्जा का उपयोग स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण, शिक्षा और सतत् विकास लक्ष्यों जैसे विषयों पर करना चाहिए न कि केवल नौकरी खोजने पर। यह विचार प्रो बी एल चौधरी, पूर्व कुलपति, एमएलएसयू उदयपुर ने दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में व्यक्त किये।

भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के अंतर्गत संचालित वनस्पति विभाग द्वारा आयोजित यह कॉन्फ्रेंस 'प्लांट सस्टेन- 2026 इंटीग्रेटिंग प्लांट बायोटेक्नोलॉजी, एग्रीकल्चरल इन्नोवेशंस, फार्मास्यूटिकल रिसर्च एंड ग्रीन केमेस्ट्री' विषय पर आधारित है। अधिष्ठाता प्रो रेणूराठौड़ एवं सह अधिष्ठाता प्रो रितु तोमर ने सभी पधारे हुए अतिथियों का स्वागत किया। वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव डॉ सुनीता जैन ने दो दिवसीय कांफ्रेंस की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विभिन्न तकनीकी सत्रों की जानकारी दी तथा हाइब्रिड मोड पर आयोजित इस कांफ्रेंस में अब तक 110 रजिस्ट्रेशन हो चुकें हैं। इस अवसर पर सोविनियर का विमोचन भी किया गया। सम्मानित अतिथि के रूप में प्रो कनिका शर्मा, पूर्व डीन, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ साइंस एमएलएसयू ने अपने वक्तव्य में कहा कि जैविक संसाधन जो मानवता को वास्तविक या संभावित मूल्य प्रदान करते हैं। ये खाद्य, औषधि और औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण हैं, ये संसाधन जैव अर्थव्यवस्था, जैव विविधता और सतत विकास के लिए आवश्यक हैं। इस अवसर पर वि.प्र.सभा के मंत्री डॉ महेंद्र सिंह राठौड़ ने ज्ञान का सार्थक प्रयोग किया जाना आवश्यक बताया जो नवाचार, शोध और मानवता के कल्याण के लिए आवश्यक हो। प्रो जीएस शेखावत, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर तथा भू.नो. विश्वविद्यालय के प्रेसिडेन्ट प्रो चेतन सिंह चौहान ने भी विषय से संबंधित अपने विचार व्यक्त किये। वित्तमंत्री, शक्ति सिंह कारोही ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किये। चैयरपर्सन मानद प्रो कर्नल शिवसिंह सारंगदेवोत तथा प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़, डॉ निरंजन नारायण सिंह राठौड़, कुलसचिव, भूपाल नोबल्स वि.वि. ने कॉन्फ्रेंस की सफलता की कामना करते हुए अपने प्रेषित संदेश में रिसर्च की गुणवत्ता बनाए रखने पर बल देते हुए कहा कि अच्छे रिसर्च से ज्ञान का विस्तार होने के साथ ही जटिल समस्याओं के व्यावहारिक समाधान मिलते हैं और नई तकनीक का विकास संभव होता है।



उदयपुर में भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के अंतर्गत संचालित वनस्पति विभाग द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों का मंथन हुआ।

कार्यालय ग्राम पंचायत खरपीणा, पंचायत समिति गिर्वा, जिला-उदयपुर

क्रमांक: निविदा/2025-26/85 दिनांक:- 17.03.2026

:- ई निविदा सूचना- 03/2025-26 :-

कार्यालय ग्राम पंचायत द्वारा 5 कक्षा-कक्ष निर्माण कार्य रा.उ.मा.वि. खरपीणा हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित कि जाती है अत: उक्त कार्य हेतु इच्छुक संवेदको/फर्मो से ऑनलाईन ई-निविदाएं दिनांक:- 27.03.2026 को प्रात:- 11.00 बजे तक ऑनलाईन ई-प्रोक्योमेंट पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajathan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No ZUD2526WSOB04988

प्रशासक ग्राम पंचायत खरपीणा पं.स.गिर्वा जिला-उदयपुर(राज.)

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत खरपीणा पं.स.गिर्वा जिला-उदयपुर(राज.)

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

आई ई सुखेर शाखा, एनएच-8, इंडस्ट्रीयल एस्टेट सुखेर उदयपुर, राजस्थान 313001, फोन नं.: 0294-2440510 मोबाईल: 8875006670, ई-मेल: indsuk@bankofbaroda.com

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी मैसर्स मुकेश ट्रेड एजेंसी, प्रोपराईटर श्री मुकेश पुत्र श्री शंकरलाल छापरवाल पर मांग सूचना दिनांक 15.09.2025 पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर दिनांक 15.09.2025 को बकाया राशि रू. 25,59,993.94(रूपये पच्चीस लाख उनसठ हजार नौ सौ तिरानवे एवं पैसे चौरानवे मात्र)(दिनांक 15.09.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने दिनांक 13, माह मार्च, वर्ष 2026 को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार दिनांक 15.09.2025 को बकाया राशि रू. 25,59,993.94 (रूपये पच्चीस लाख उनसठ हजार नौ सौ तिरानवे एवं पैसे चौरानवे मात्र)(दिनांक 15.09.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा, आई ई सुखेर शाखा, एनएच-8, इंडस्ट्रीयल एस्टेट सुखेर, उदयपुर, राजस्थान 313001 के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री मुकेश पुत्र श्री शंकरलाल छापरवाल के नाम साम्यिक बंधक व्यावसायिक दुकान नं. 217 एवं 218, प्रथम तल, एमरल्ड टॉवर, प्लॉट नं. 59, अश्विनी बाजार, हाथीपोल के बाहर, उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 836 वर्ग फीट है। सीमाएं- उत्तर: सेटबैक और फिर पालीवाल की भूमि, दक्षिण: गलियारा और फिर खुला चौक, पूर्व: गलियारा और फिर सीढ़ियाँ, पश्चिम: एमरल्ड कंस्ट्रक्शन कंपनी का स्ट्रक्चर

स्थान : उदयपुर हस्ता.

दिनांक: 13.03.2026 प्राधिकृत अधिकारी

नकदी हड़पी

उदयपुर, (कासं)। सुखेर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चौरी किए चैक का भुगतान उठा कर नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया। रिद्धि सिद्धि पार्क नवरत्न काम्पलेक्स भुवाणा हॉल प्रिंसीपल डीपीएस स्कूल ने आरोपी नरेश रेगर व कमल सोलंकी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।

Name Change

I, Bhim Singh Rajput, R/o VPO - Khatamala, Distt - Rajsamand (Raj.), have changed my son's name from Kushal Singh to Kushal Singh Rajput for all future purposes.

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: उविप्रा/नियमन रिकॉर्ड/2026/3568 **आम-सूचना** दिनांक:- 17/3/2026

निम्न आवेदकर्ता द्वारा अपने भूखण्डों का वारिसान के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

क्र सं.	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	राजस्व ग्राम	आवेदक का नाम /पिता का नाम	मृतक का नाम/दस्तावेज
1.	32 (Mut No. 9897)	1288.75 वर्गफीट	देबारी खसरा नं. 1962, 5282/1963	श्री शंकर लाल पटेल पिता श्री हवा जी पटेल एवं श्री भैरुलाल पटेल पिता श्री हवा जी पटेल, निवासी- 34, टोडी, पोस्ट कुराबड़, तहसील-गिर्वा, उदयपुर	श्री सज्जन सिंह खमेसरा पिता श्री छोगालाल खमेसरा का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 22.03.2011 एवं श्रीमती चंदा देवी पत्नी श्री सज्जन सिंह खमेसरा का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 10.02.2022 पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 04.01.2016 व पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 13.11.2019 के आधार पर नामान्तरण चाहा गया है।

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें । अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण-पत्र/लीजडीड जारी की जा सकेगा।

(डॉ. अभिनव शर्मा) तहसीलदार
उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर (राज.)

'भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से लोग परेशान'

डूंगरपुर, (निसं)। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष व सीमलवाडा पंचायत समिति सदस्य महेन्द्र भगोरा ने भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से जनता आज त्राही माम् हैं ओर डबल इंजन सरकार अपने हाल में मस्त हैं।

उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा जैसी जीवन पालने वाली योजना को बंद करने की साजिश को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया तथा देश में वर्तमान परिस्थितियों में मजदूर गरीब और छोटे वर्ग को परेशान किया जा रहा है तथा देश की अर्थव्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर धनवान लोगों को देश को बेचने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा जनता के हितों की दी गई सारी योजनाएं बंद करके सिर्फ नाम बदलकर योजनाओं को इतिश्री करने का कार्य कर रहे हैं रोजगार, शिक्षा,सामाजिक संरचना,महंगाई, गरीबी जैसे मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार मौन साधकर बैठी हुई है। बांसवाडा में परमाणु संयंत्र परियोजना, गलियाकोट माही पुल, यूपीए सरकार में प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ओर पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा के प्रयासों की पहल हैं जिसे भी उन्होंने अपनी सरकार की योजना बता ढिंढोरा पिट लिया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना बंद हैं बुजुर्ग व विधवा महिला भी बैंको ओर दफ्तरों के चक्कर काट कर परेशान हैं। दीपावली ओर होली जैसे त्यौहारों पर उन्हें पेंशन नहीं मिली। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में युवाओं के लिए रोजगार के लिए दिशाहीन सोच, गरीब मजदूर, आमजन को परेशान करने वाली नीतियां लागू करने का कार्य केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है।

बस की टक्कर से युवक की मौत

उदयपुर,(कासं)। बावलवाड़ा थाना क्षैत्र में हुए सडक हादस में युवक की मौत हो गई तथा साथी घायल हो